भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न** संख्या- 102
उत्तर देने की तारीख-03/02/2025

## आंध्र प्रदेश में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की स्थिति

**†102. डॉ. बायरेड्डी शबरी**
**श्री जी. लक्ष्मीनारायण:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आन्ध्र प्रदेश में कितने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) अनुमोदित और स्थापित किए गए हैं;
(ख) आन्ध्र प्रदेश में केजीबीवी की प्रचालनात्मक स्थिति (पूर्णतः संचालित, आंशिक रूप से संचालित अथवा असंचालित) क्या है और केजीबीवी के बंद रहने के क्या कारण हैं;
(ग) विगत पांच शैक्षणिक वर्षों के दौरान प्रत्येक केजीबीवी में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों के लिए छात्रों के नामांकन की क्षमता की तुलना में जिलावार और श्रेणीवार कितना-कितना वास्तविक नामांकन किया गया है;
(घ) उच्च माध्यमिक कक्षाओं में उन्नयन हेतु चयनित केजीबीवी का जिलावार ब्यौरा क्या है और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है;
(ङ) विगत पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को जिलावार कुल कितनी धनराशि आवंटित, जारी की गई और उनके द्वारा उपयोग में लाई गई और निधि के उपयोग में पेश आ रही चुनौतियों का ब्यौरा क्या है;
(च) क्या केजीबीवी के लिए आर्थिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों की पहचान करने के लिए 2001 की जनगणना के आंकड़े पुराने पड़ चुके हैं और आंकड़ों का उन्नयन करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और
(छ) शिक्षकों को स्कूल में बनाए रखने और कर्मचारियों की कमी से संबंधित वर्तमान स्थिति क्या है और इस मुद्दे के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) और (ख): आंध्र प्रदेश में कुल 587 स्वीकृत केजीबीवी में से 499 केजीबीवी पूरी तरह से कार्यात्मक हैं, 63 केजीबीवी आंशिक रूप से कार्यात्मक हैं और 25 केजीबीवी कार्यात्मक नहीं हैं। आंध्र प्रदेश सरकार

ने सूचित किया है कि इन 25 गैर-संचालित केजीबीवी में से 17 केजीबी में निर्माण कार्य प्रगति पर है जबकि 08 केजीबीवी में उपयुक्त भूमि की अनुपलब्धता के कारण निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है।

(ग): वर्ष 2020-21 से वर्ष 2024-25 तक आंध्र प्रदेश में केजीबीवी में नामांकन के जिलेवार और श्रेणीवार विवरण के साथ छात्र नामांकन क्षमता अनुलग्नक में संलग्न है।

(घ): आंध्र प्रदेश में स्वीकृत 587 केजीबीवी में से 21 जिलों के 352 केजीबीवी को कक्षा 12 तक अपग्रेड किया गया है। ये सभी 352 केजीबीवी पूरी तरह से काम कर रहे हैं।

(ड.): पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में केजीबीवी को वर्षवार आवंटित और उपयोग की गई निधि निम्नानुसार है:

| वर्ष | निधि (रु. लाख में) | |
|---|---|---|
| | आवंटित | उपयोग की गई |
| **2020-21** | 36434.17 | 22006.24 |
| **2021-22** | 32980.87 | 31786.00 |
| **2022-23** | 65409.00 | 45459.42 |
| **2023-24** | 74998.00 | 48133.87 |
| **2024-25** | 43643.00 | 28629.63 |
| | | *(स्रोत: राज्य से प्राप्त इनपुट)* |

(च): केजीबीवी की स्थापना उन शैक्षणिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों (ईबीबी) में की जाती है, जहां वर्ष 2001 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण महिला साक्षरता राष्ट्रीय औसत से कम है और जहां सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, जनजातीय कार्य मंत्रालय या राज्य सरकार की किसी अन्य योजना के तहत आवासीय विद्यालय उपलब्ध नहीं हैं।

(छ): आंध्र प्रदेश राज्य ने सूचित किया है कि आंध्र प्रदेश के केजीबीवी में 94% शिक्षक पद पर बने हुए हैं और शिक्षकों का कोई पद खाली नहीं है। जब भी केजीबीवी में कर्मचारियों की कमी होती है, तो राज्य सरकार द्वारा इसे पूरा करने हेतु भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाती है।

*****

<u>**अनुलग्नक**</u>

**"आंध्र प्रदेश में केजीबीवी की स्थिति" के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. बायरेड्डी शबरी और श्री जी लक्ष्मीनारायण द्वारा दिनांक 03.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 102 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

| क्र. | जिला | वर्ष 2024-25 के लिए लक्षित सीटें | 2020-21 | | | | | 2021-22 | | | | | 2022-23 | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | एससी | एसटी | ओबीसी | अल्पसंख्यक | कुल | एससी | एसटी | ओबीसी | अल्पसंख्यक | कुल | एससी | एसटी | ओबीसी | अल्पसंख्यक | कुल |
| 1 | श्रीकाकुलम | 8900 | 1157 | 751 | 5727 | 971 | 8605 | 1034 | 620 | 7098 | 170 | 8922 | 708 | 382 | 6240 | 80 | 7410 |
| 2 | पीवीपी मन्यम | 4820 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 821 | 1499 | 1397 | 125 | 3842 |
| 3 | विजयनगरम | 9080 | 1378 | 1994 | 5608 | 580 | 9561 | 1251 | 1874 | 6514 | 489 | 10128 | 1049 | 472 | 6361 | 184 | 8066 |
| 4 | विशाखापत्तनम | 1140 | 460 | 3014 | 4727 | 683 | 8885 | 440 | 3313 | 5210 | 574 | 9537 | 81 | 14 | 684 | 29 | 808 |
| 5 | अनकापल्ली | 6900 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 343 | 446 | 3852 | 422 | 5063 |
| 6 | एएसआर | 5920 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 170 | 4317 | 679 | 19 | 5185 |
| 7 | काकीनाडा | 1420 | 642 | 1436 | 807 | 121 | 3005 | 670 | 1428 | 889 | 80 | 3067 | 564 | 23 | 584 | 46 | 1217 |
| 8 | एलुरु | 840 | 197 | 232 | 222 | 0 | 651 | 238 | 173 | 209 | 6 | 626 | 236 | 213 | 201 | 5 | 655 |
| 9 | एनटीआर | 1040 | 501 | 181 | 203 | 60 | 945 | 539 | 118 | 220 | 28 | 905 | 577 | 91 | 230 | 14 | 912 |
| 10 | पलनाडु | 8020 | 2579 | 1435 | 1539 | 737 | 6289 | 2678 | 1220 | 1688 | 653 | 6239 | 2937 | 1205 | 1747 | 670 | 6559 |
| 11 | बापतला | 1220 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 654 | 84 | 203 | 64 | 1005 |
| 12 | प्रकाशम | 9140 | 4204 | 532 | 2671 | 1301 | 8709 | 4204 | 397 | 2653 | 1296 | 8550 | 3141 | 228 | 2388 | 1076 | 6833 |
| 13 | एसपीएस आरनेलौरे | 4460 | 1413 | 305 | 853 | 331 | 2902 | 1477 | 146 | 989 | 323 | 2935 | 1687 | 176 | 1226 | 237 | 3326 |
| 14 | चित्तूर | 2840 | 1541 | 627 | 2660 | 907 | 5735 | 1539 | 419 | 3174 | 952 | 6084 | 583 | 259 | 1059 | 505 | 2406 |
| 15 | तिरुपति | 1900 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 913 | 93 | 360 | 25 | 1391 |
| 16 | वाईएस आर | 5060 | 2476 | 471 | 2927 | 1576 | 7449 | 2793 | 340 | 3394 | 1751 | 8278 | 1701 | 154 | 1729 | 855 | 4439 |
| 17 | अन्नमय्या | 7760 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1795 | 368 | 2982 | 1335 | 6480 |
| 18 | अनंतपुर | 10660 | 4015 | 1617 | 7605 | 2507 | 15744 | 4045 | 1253 | 8057 | 2425 | 15780 | 2672 | 630 | 4221 | 1143 | 8666 |
| 19 | श्री सत्य साईं | 10000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1729 | 604 | 4027 | 1253 | 7613 |
| 20 | कुरनूल | 8880 | 4767 | 1310 | 6399 | 2431 | 14906 | 4897 | 518 | 7090 | 1908 | 14413 | 2568 | 135 | 4197 | 658 | 7558 |
| 21 | नांदयाल | 9560 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2751 | 429 | 3473 | 1114 | 7767 |
| | | **119560** | **25330** | **13904** | **41947** | **12205** | **93386** | **25805** | **11819** | **47185** | **10655** | **95464** | **27680** | **11822** | **47840** | **9859** | **97201** |

| क्र. सं. | जिला | वर्ष 2024-25 के लिए लक्षित सीटें | 2023-24 | | | | | 2024-25 | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | एससी | एसटी | ओबीसी | अल्पसंख्यक | कुल | एससी | एसटी | ओबीसी | अल्पसंख्यक | कुल |
| 1 | श्रीकाकुलम | 8900 | 713 | 438 | 6472 | 119 | 7742 | 799 | 438 | 6534 | 19 | 7790 |
| 2 | पीवीपी मन्यम | 4820 | 502 | 1857 | 1347 | 267 | 3973 | 509 | 1942 | 1539 | 11 | 4001 |
| 3 | विजयनगरम | 9080 | 1035 | 472 | 6102 | 218 | 7827 | 1070 | 491 | 6257 | 103 | 7921 |
| 4 | विशाखापत्तनम | 1140 | 85 | 16 | 660 | 34 | 795 | 84 | 23 | 454 | 214 | 775 |
| 5 | अनकापल्ली | 6900 | 401 | 433 | 3786 | 847 | 5467 | 386 | 424 | 4110 | 607 | 5527 |
| 6 | एएसआर | 5920 | 136 | 4387 | 314 | 26 | 4863 | 128 | 4450 | 296 | 106 | 4980 |
| 7 | काकीनाडा | 1420 | 548 | 25 | 615 | 34 | 1222 | 552 | 34 | 626 | 43 | 1255 |
| 8 | एलुरु | 840 | 234 | 211 | 231 | 0 | 676 | 324 | 136 | 219 | 7 | 686 |
| 9 | एनटीआर | 1040 | 624 | 110 | 238 | 13 | 985 | 632 | 107 | 262 | 7 | 1008 |
| 10 | पलनाडु | 8020 | 3262 | 1160 | 1732 | 790 | 6944 | 3358 | 1160 | 1917 | 585 | 7020 |
| 11 | बापतला | 1220 | 710 | 78 | 218 | 56 | 1062 | 706 | 72 | 233 | 66 | 1077 |
| 12 | प्रकाशम | 9140 | 3243 | 213 | 2598 | 888 | 6942 | 3353 | 292 | 2512 | 970 | 7127 |
| 13 | एसपीएस आरनेलौरे | 4460 | 1823 | 156 | 1253 | 309 | 3541 | 1807 | 168 | 1369 | 306 | 3650 |
| 14 | चित्तूर | 2840 | 664 | 187 | 1140 | 521 | 2512 | 691 | 198 | 1158 | 519 | 2566 |
| 15 | तिरुपति | 1900 | 910 | 130 | 374 | 71 | 1485 | 934 | 100 | 424 | 33 | 1491 |
| 16 | वाईएस आर | 5060 | 1865 | 176 | 2194 | 1116 | 5351 | 1782 | 144 | 1698 | 863 | 4487 |
| 17 | अन्नमय्या | 7760 | 1599 | 331 | 2617 | 1012 | 5559 | 1780 | 386 | 3042 | 1313 | 6521 |
| 18 | अनंतपुर | 10660 | 3183 | 595 | 5031 | 981 | 9790 | 3053 | 662 | 4947 | 1100 | 9762 |
| 19 | श्री सत्य साईं | 10000 | 2111 | 633 | 4048 | 1952 | 8744 | 2009 | 613 | 4429 | 1309 | 8360 |
| 20 | कुरनूल | 8880 | 2518 | 215 | 4368 | 670 | 7771 | 2652 | 143 | 4496 | 738 | 8029 |
| 21 | नांदयाल | 9560 | 2452 | 370 | 3329 | 1029 | 7180 | 2980 | 419 | 3832 | 1185 | 8416 |
| | | **119560** | **28618** | **12193** | **48667** | **10953** | **100431** | **29589** | **12402** | **50354** | **10104** | **102449** |

*****